भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6433
02 अप्रैल, 2026 को उत्तर देने के लिए

असम में अनानास प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना

†6433. श्री परिमल शुक्ला बैद्यः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि असम के कछार जिले के लखीपुर क्षेत्र में काफी मात्रा में अनानास का उत्पादन होता है और इसमें कृषि आधारित उद्योगों की प्रबल संभावनाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या मंत्रालय के पास लखीपुर क्षेत्र में अनानास प्रसंस्करण या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव या योजना है ताकि इस उत्पाद का लाभ देश भर के बाजारों तक पहुंच सके; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) से (ग): खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने और सुगम बनाने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) अपनी दो केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई), तथा केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से संबंधित उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रहा है। ये योजनाएँ पूरे देश में लागू हैं, जिनमें असम के कछार जिले का लखीपुर क्षेत्र भी शामिल है। ये योजनाएँ क्षेत्र-विशिष्ट नहीं हैं, बल्कि मांग-आधारित हैं। एमओएफपीआई स्वयं कोई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित नहीं करता है। हालांकि, एमओएफपीआई संबंधित योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार अनानास प्रसंस्करण सहित विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए संभावित उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

अनानास सहित स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद (ओडीपी) पद्धति अपनाई गई है। इसका उद्देश्य इनपुट की खरीद, साझा सेवाओं के उपयोग और उत्पादों के विपणन के मामले में व्यापक लाभ प्राप्त करना है। यह मूल्य श्रृंखला विकास और सहायक अवसंरचना के समन्वय के लिए ढांचा प्रदान करता है। असम के कछार जिले में "अनानास" को ओडीपी के रूप में चिन्हित किया गया है।

असम राज्य में, दिनांक 31.12.2025 तक, एमओएफपीआई ने पीएमकेएसवाई की संबंधित घटक योजनाओं के अंतर्गत 72 खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को स्वीकृति दी है, जिनमें से 1 परियोजना कछार जिले में स्थित है। असम राज्य में पीएलआईएसएफपीआई योजना की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत सहायता के लिए 4 खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों को स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, पीएमएफएमई के अंतर्गत सहायता के लिए 5194 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 358 कछार जिले में स्थित है।

*****